संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......

17 जनवरी 2025, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 110

Email-santalexpress20@gmail.com


संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आर माराङमंत्री मोदी साँवतेय आपामेना सिंगापुर रेन राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम



**नावां दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो भारत रेयाक् पाहिल राजकीयासांगार रेय हेच्एन सिंगापुर रेन राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम लुखीवारहिलोक् राष्ट्रपति भवन रेयाक् छाटका रे मानमानोत सालाक् आताङदाराम केदेया। नोआ ताक रे थर्मन दो गार्ड आफ ऑनरको एमावादेया।

# करोड़ों रुपये का पैकेज छोड़कर प्रयागराज में धुनी रमा रहे युवा आईआईटियन बाबा

## सोशल मीडिया पर युवा संत सुर्खियां में

एजेंसी

**प्रयागराज ।** महाकुंभ में जहां साधुओं के दर्शन के लिए हजारों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं सोशल मीडिया पर एक युवा संत सुर्खियां पा रहा हैं। आईआईटियन बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह ने अध्यात्म की राह पकड़कर अपने परिवार और पूरे समाज को चौंका दिया है। अभय ने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और एक सफल पेशेवर जीवन का अनुभव किया, लेकिन अब उन्होंने मोह-माया छोड़कर साधु जीवन अपना लिया है।



अभय सिंह के पिता कर्ण सिंह, जो पेशे से वकील हैं, बेटे के फैसले से खुश नहीं हैं। उन्होंने बताया कि अभय ने परिवार को अपने निर्णय के बारे में कुछ भी नहीं बताया। कर्ण सिंह ने कहा, हमें सोशल मीडिया के द्वारा पता चला कि अभय ने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वे हमारे साथ ज्यादा बातचीत नहीं करता था। जब भी हम फोन करते, वह कहता कि संदेश किया करें। पिछले छह माह से परिवार वालों का नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पिता ने बताया कि अभय जानता था कि परिवार उसकी शादी की बात करेगा, इसलिए अभय ने यह कदम उठाया। उन्होंने अभय के स्वभाव को लेकर कहा कि अभय बचपन से ही धुन का पक्का था और जीवन के फैसलों में किसी को ज्यादा नहीं बताता था। हरियाणा के झज्जर जिले के गांव सासरौली निवासी अभय सिंह ने अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी कर आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने प्लेसमेंट के जरिए नौकरी हासिल की और कनाडा में अपनी बहन के साथ रहते हुए पेशेवर अनुभव लिया। उनके पिता ने बताया कि कनाडा से लौटने के बाद वह एक नैचुरल पैथी चिकित्सालय गए, जहां ध्यान और साधना के बीच उन्हें अध्यात्म के बारे में गहराई से जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने जीवन को अध्यात्म के प्रति समर्पित कर दिया।

पिता का कहना है कि वह बेटे के फैसले से आहत हैं, लेकिन उसकी सोच को समझने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, संभव है कि इसके पीछे कोई बड़ी सोच हो और वह अध्यात्म के माध्यम से समाज को कोई संदेश देना चाहता हो। आईआईटियन बाबा अभय सिंह की कहानी आज के युवाओं के लिए चर्चा का विषय बन गई है। जहां कुछ लोग उनके फैसले को सराह रहे हैं, वहीं कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या परिवार और समाज से दूर जाना उचित है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेहतर इलाज के लिए कड़िया मुंडा दिल्ली एम्स रेफर

**रांची ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के एम्स अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली रवाना किया गया। उनके साथ परिजनों के अलावा मेडिका अस्पताल के एक चिकित्सक को भी दिल्ली भेजा गया है। मकर संक्रांति के दिन केन्द्रीय मंत्री जुएल ओरांव ने रांची के मेडिका अस्पताल में कड़िया मुंडा से मुलाकात की थी और हाल-चाल जाना था। जुएल ओरांव द्वारा सारी व्यवस्थाएं देखने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है।

### लैंड फॉर जॉब केस में अब 30 को सुनवाई

**पटना ।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में गुरूवार को लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में 30 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने एक रेलवे अधिकारी पर केस चलाने की अनुमति नहीं दी। इससे पहले भी 23 दिसंबर को केस चलाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण सुनवाई टल गई थी। इस केस में लालू परिवार के पांच सदस्य आरोपी हैं। इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल हैं। 7 अक्टूबर को हुई सुनवाई में लैंड फॉर जॉब केस में लालू परिवार समेत सभी 9 आरोपियों को जमानत मिल गई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सभी को 1-1 लाख के निजी मुचलके पर बेल दी थी। कोर्ट ने सभी को पासपोर्ट सरेंडर करने के निर्देश दिए थे।

### गिरिडीह सड़क हादसे में तीन की मौत

**गिरिडीह ।** जिले के मधुबन थाना इलाके के गिरिडीह डुमरी रोड स्थित चैनपुर में सड़क हादसे में बुधवार देर रात तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप घायल हो गया। मृतकों की पहचान लक्ष्मणतुंडा गांव निवासी देवचंद्र साहू (53), केंदुआडीह निवासी थानू कुमार (16) और निमियाघाट थाना इलाके के रंगामति गांव निवासी घनश्याम साहू के रूप में हुई । सड़क हादसा देर रात करीब एक बजे के आसपास हुआ, जब दोनों वाहन पीरटांड़ से डुमरी की तरफ जा रहे थे। इस बीच चैनपुर के पास पहुंचते ही दोनों वाहनों की एक-दूसरे से टक्कर हो गई। हादसे में वाहन में बैठे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# झारखंड सरकार चार माह में कराए नगर निकाय चुनाव : हाईकोर्ट

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को झारखंड निकाय चुनाव मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को निकाय चुनाव करने के लिए चार महीने का समय दिया। यह सुनवाई जस्टिस आनंद सेन की अदालत में हुई।

कोर्ट ने तीन सप्ताह में चुनाव कराने के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर सवाल उठाए। इसपर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की पात्रता निर्धारण को लेकर जिला स्तर पर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। कुछ ही जिलों में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया बाकी है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। निर्वाचन आयोग से वोटर लिस्ट भी अबतक नहीं मिल पाई है। इससे कुछ देरी हो रही है।




इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि ट्रिपल टेस्ट करवाकर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने भी यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बैगर निकाय चुनाव कराया जाये।

ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं और यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार के जरिये चुनाव नहीं कराना कोर्ट की आदेश की अवमानना है। दरअसल निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो ने राज्य में जल्द निकाय चुनाव कराने के लिए हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

# बीजापुर में जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

एजेंसी

**बीजापुर ।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है।

बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारी ने कहा कि रुक-रुककर गोलीबारी अभी भी जारी है, आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के डीआरजी के कर्मी, सीआरपीएफ की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की 229वीं बटालियन ऑपरेशन में शामिल हैं।

# अभिनेता सैफ अली खान को घर में घुसकर 6 जगहों पर मारा चाकू

## रीढ़ की हड्डी में फंसा था चाकू का टुकड़ा, हाथ-कंधे की भी सर्जरी हुई

एजेंसी

**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध शख्स की पहली तस्वीर सामने आई है। वह रात ढाई बजे छठी फ्लोर पर नीचे उतरता दिखा। एक्टर पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया था। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा था। घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था।

लीलावती अस्पताल के सीओओ डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गई है। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है। वह चोरी के इरादे से घर में घुसा था। हमलावर सीढ़ियों से अपार्टमेंट में दाखिल हुआ और हमले के बाद सीढ़ियों से ही भागा। जानकारी के मुताबिक हमलावर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया है। उसे बिल्डिंग की छठी मंजिल पर देखा गया था। पुलिस ने जबरन घर में घुसने और हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

ये घटना सैफ-करीना के बच्चों तैमूर-जेह के कमरे की है। कमरे में उनकी हाउसकीपर अरियामा फिलिप उर्फ लीमा मौजूद थी, जिसे एक अज्ञात शख्स ने पकड़ लिया।

## मोदी सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन को दी मंजूरी

# 50 लाख कर्मचारियों और करीब 65 लाख पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार ने गुरुवार को एक बड़े फैसले के तहत केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। मोदी सरकार के इस कदम से करीब 50 लाख कर्मचारियों और करीब 65 लाख पेंशनधारकों को लाभ होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है।

गौरतलब है कि 7वें वेतन आयोग का गठन 2014 में किया गया था और इसकी सिफारिशें एक जनवरी, 2016 से लागू हुई थीं, और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2025 में नए वेतन आयोग के गठन से यह सुनिश्चित होगा कि सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले इसकी सिफारिशें प्राप्त हो जाएं।



केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों और अन्य पक्षों के साथ परामर्श किया जाएगा। मोदी सरकार के इस कदम से रक्षा क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों सहित केंद्र सरकार के लगभग 50 लाख कर्मियों को लाभ होगा। साथ ही लगभग 65 लाख पेंशनधारकों की पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। इससे दिल्ली के करीब चार लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। इसमें रक्षा और दिल्ली सरकार के कर्मचारी शामिल हैं। (आमतौर पर, दिल्ली सरकार के कर्मचारियों के वेतन में केंद्रीय वेतन आयोग के साथ वृद्धि होती है।) इससे सरकारी कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ उपभोग और आर्थिक वृद्धि को महत्वपूर्ण गति मिलेगी।

सरकारी कर्मचारियों के वेतन की समीक्षा के लिए केंद्र सरकार हर 10 साल में एक आयोग का गठन करती है, जो मुद्रास्फीति के मुताबिक सरकारी कर्मचारियों के वेतन याने बेसिक सैलरी, भत्तों को बढ़ाने की अनुशंसा करता है। वेतन आयोग की सिफारिशों पर ही सरकार अपने कर्मचारियों के वेतन में परिवर्तन करती है।

# 11 फरवरी से शुरू होगी मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा

एजेंसी

**रांची ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। इस वर्ष परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है।इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए 2100 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं।मैट्रिक के लिए राज्यभर में 1305 केंद्र व इंटर के लिए 795 केंद्र बनाये गये हैं। इस वर्ष मैट्रिक और इंटर मिलाकर कुल 7,83,711 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष मैट्रिक में 12208 व इंटर तीनों संकाय में परीक्षार्थियों की संख्या में 5267 की वृद्धि हुई है।जैक ने 10 वीं (मैट्रिक) और 12 वीं (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षाएं 11 फरवरी 2025 से शुरू होकर 3 मार्च 2025 को समाप्त होंगी।कक्षा 10 (मैट्रिकुलेशन) की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक आयोजित की जाएंगी।मैट्रिक परीक्षा के पेपर सुबह के सत्र में होंगे और परीक्षा का समय सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है. झारखंड बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए एडमिट कार्ड और अन्य संबंधित जानकारी जल्द ही जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

# ओडिशा वॉरियर्स ने पेनल्टी शूटआउट में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को हराया

संवाददाता

**रांची ।** जोसलीन बार्ट्राम ने तीन प्रयासों को रोककर ओडिशा वॉरियर्स को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत दिलाई। महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (2024-25) में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ यह मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। ओडिशा वॉरियर्स के लिए बलजीत कौर (8क्क) ने गोल किया, जबकि श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए ब्यूटी डुंगडुंग (16क्क) ने स्कोर किया। मैच की शुरुआत में ही बंगाल टाइगर्स के पास बढ़त लेने का मौका था।



तीसरे मिनट में एश्ले हॉफमैन ने गोललाइन से गेंद को गोल के मुंह की ओर पास किया, लेकिन लालरेमसियामी और हन्ना कॉटर इसे चूक गईं। बंगाल टाइगर्स ने पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता, लेकिन वॉरियर्स की गोलकीपर जोसलीन बार्ट्राम ने हॉफमैन के ड्रैग फ्लिक को बेहतरीन तरीके से बाहर कर दिया। ओडिशा वॉरियर्स ने आठवें मिनट में बलजीत कौर के गोल से खेल के विपरीत बढ़त बना ली।

# दो से अधिक बच्चे वाले ही लड़ सकेंगे निकाय चुनाव : चंद्रबाबू

एजेंसी

**तिरुपति ।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि, कोई व्यक्ति सरपंच, नगर पार्षद या महापौर तभी बन सकता है, जब उसके दो से अधिक बच्चे हों। इस दौरान उन्होंने संकेत दिया कि इससे जनसंख्या में गिरावट को रोका जा सकेगा। सीएम ने आगे कहा कि, वे लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लाएंगे।

इससे पहले सीएम नायडू ने कहा था कि, राज्य में विकास दर बढनी चाहिए। सभी को इस बारे में सोचना चाहिए और परिवारों को कम से कम दो या उससे अधिक बच्चे पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए। दरअसल केंद्र की यूथ इन इंडिया-2022 रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में 25 करोड़ युवा 15 से 25 साल के बीच के हैं। अगले 15 साल में यह और तेजी से गिरेगी।



# लोगों के चेहरे पर खुशी लाने वाला होगा आगामी बजट : वित्त मंत्री

## एक्सपर्ट लोगों ने दिए अपने-अपने सुझाव

संवाददाता

**रांची ।** वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आगामी 2025-26 के बजट को अबुआ बजट का नाम दिया है, इस बजट में झारखंड के जंगलों ,दूर दराज़ में रहने वाले ग़रीब लोगों, किसानों, राज्य के हर तबके , जाति , धर्म के लोगों के हितों को ध्यान में रख कर योजनाएँ शामिल की जाएगी । लोगों की चेहरे में खुशहाली ला सके , ऐसा बजट हम तैयार करेंगे । इसलिए आम लोगों से रायशुमारी ली जा रही है । इसी संदर्भ में आज कृषि , सिंचाई , वन-पर्यावरण , ग्रामीण विकास , आजीविका मिशन , नगर विकास, पर्यटन,उद्योग, खान एवं भूतत्व,श्रम एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों के सुझाव एवं विचार आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपके कई बहुमूल्य सुझाव प्राप्त हुए हैं उन बहुमूल्य सुझावों को आगामी 2025-26 के बजट में शामिल करने का प्रयास रहेगा। वह गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित अबुआ बजट कार्यशाला (बजट पूर्व संगोष्ठी 2025-26) को संबोधित कर रहे थे ।




मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हमारा बजट राज्य की संस्कृति, भौगोलिक व्यवस्था ,यहाँ रहने वाले लोगों की परंपराओं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इस राज्य का 25वाँ बजट होगा जहाँ राज्य की कई चुनौतियाँ हमारे समक्ष है । हम उन दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर बजट तैयार करेंगे जिससे झारखंड का आर्थिक ,सामाजिक एवं भौगोलिक विकास हो सके । उन्होंने कहा कि बजट की मॉनिटरिंग भी होनी जरूरी है ताकि बजट में जो योजनाएं शामिल की गई उसकी धरातल पर क्या स्थिति है उसका पता चल सके। उन्होंने राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया ।

मंत्री श्री किशोर ने सतही जल को बचाने पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड में वर्षा जल के संचयन पर हमें ध्यान देने की ज़रूरत है ताकि बारिश का जो जल नदी ,नालों के जरिये बह जाता है उसे बचाया जा सके ताकि उससे सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो और भूगर्भीय जल में भी सुधार आए ।

# सुप्रीम कोर्ट की ईडी को फटकार- एजेंसी का इरादा आरोपियों को जेल में रखने का है

## सुप्रीम कोर्ट केंद्र की दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा जो कानून के विपरीत हैं

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की दलील पर नाराजगी जताई है जिसमें केंद्र ने कहा था कि पीएमएलए एक्ट के तहत मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी महिलाओं के लिए जमानत का ट्विन कंडिशन लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह केंद्र की दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा जो कानून के विपरीत हैं। कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान इस दलील पर जब आपत्ति जताई थी, जिसमें केंद्र ने कहा था कि पीएमएलए का ट्विन बेल कंडीशन महिलाओं पर भी लागू होता है। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रावधान कहता है कि महिलाओं को इससे छूट है। 20 दिसंबर 2024 को कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल को कड़ी फटकार लगाई थी, जब उन्होंने कहा था कि धारा 45 के सख्त जमानत प्रावधान महिलाओं पर भी लागू होते हैं। कोर्ट ने तब साफ कहा था कि धारा 45 का प्रावधान स्पष्ट रूप से महिलाओं को इन शर्तों के हिसाब से छूट देता है।



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मनी लॉन्ड्रिंग केसों की जांच करने वाली ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी लोगों को जेल में रखना चाहती है। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में नाबालिगों, महिलाओं या बीमार लोगों को जमानत देने पर पीएमएलए के प्रावधानों के विपरीत 'अनजाने' में दलीलें रखने पर ईडी को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एजेंसी का इरादा आरोपियों को जेल में रखने का है। वह ऐसी बेतुकी दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद ईडी ने अपनी गलती मानी। ईडी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने माना कि एक विधि अधिकारी ने दलील पेश करते समय गलती की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर आरोप गंभीर हैं तो नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। इस पर कोर्ट ने साफ कहा कि संवादहीनता का कोई सवाल ही नहीं है।

# दो दिवसीय कृषि मेला का डीसी ने किया उदघाटन




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**साहिबगंज।** संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में गुरुवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला, फल/सब्जी प्रदर्शनी, उद्यानिकी संगोष्ठी और मत्स्यकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि, मत्स्य, उद्यान विभाग ने संयुक्त रूप से किया जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान, विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में बोरियो विधायक ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए नई तकनीकों, जैविक खेती, उद्यानिकी और मत्स्य पालन में उन्नति के अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है। मेले में किसानों को उनकी उपज का मूल्य बढ़ाने, विपणन रणनीतियों और पर्यावरण अनुकूल खेती पर जोर दिया गया।

उपायुक्त हेमंत सती ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रगति के लिए नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। यह मेला किसानों को उन्नत तकनीकों, जैविक खेती और उद्यानिकी के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान करने का एक उत्कृष्ट कार्यशाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान इन जानकारियों का लाभ उठाकर अपनी उपज में सुधार कर सकते हैं और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। कहा कि सरकार किसानों की भलाई के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका अधिकतम लाभ लेने के लिए जागरूकता आवश्यक है। उपायुक्त ने भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया और किसानों को प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात बोरियो विधायक, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में लगे सभी स्टालों का बारी-बारी से जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर प्रदर्शित कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पादों, फसलों, फल, फूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। स्टॉल संचालकों और विशेषज्ञों से संवाद करते हुए उन्होंने किसानों की जरूरतों और उनके हित में प्रस्तुत तकनीकों की उपयोगिता पर चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि इन स्टॉलों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और संसाधनों की जानकारी मिल रही है, जो उनके उत्पादन को बढ़ाने और लागत कम करने में सहायक होगी। फल, सब्जी प्रदर्शनी ने किसानों को उनकी फसलों के बेहतर उत्पादन और संरक्षण के नए तरीकों से परिचित कराया। इस प्रदर्शनी में जैविक उत्पादों, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। संगोष्ठी में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने किसानों को पॉलिहाउस तकनीक, जल संरक्षण और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। मत्स्यकी कार्यशाला में किसानों को मत्स्य पालन के उन्नत तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में किसानों को आधुनिक तकनीकों जैसे रीसर्कुलेटिंग एक्काकल्चर सिस्टम और जैविक मत्स्य पालन की बारीकियां सिखाई गईं। किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने उत्पादन में बढ़ोतरी की।कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। किसानों को विभिन्न योजनाओं के आवेदन प्रक्रिया, अनुदान और लाभों की जानकारी दी गई। मेले में शामिल किसानों ने इसे अत्यधिक लाभकारी बताया। किसान ने कहा कि इस तरह का मेला हमें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को समझने का मौका देती हैं। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार अग्रिम बैंक प्रबंधक सुधीर के अलावे अधिक की संख्या में कृषक मौजूद थे।

# डायन के शक में एक ही परिवार के चार लोगों को घर में किया हमला



**साहिबगंज।** चांद पर पहुंचने के बाद अब मंगल पर मनुष्य घर बसाने की तैयारी कर रहा है।लेकिन कुछ लोग आज भी अंधविश्वास की जंजीरों में जकड़े हुए हैं।एक ऐसा ही मामला साहिबगंज जिले के के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी कोदरजन्ना गंगा प्रसाद पश्चिम में चार लोगों को घर में चारों तरफ से घर कर ईट पत्थर लाठी -डंडा व धारदार किसी चीज से डायन डायन कहकर,हमला किया गया।जिसमें एक ही परिवार के सदस्य चार लोग घायल हो गए।सभी घायल को सदर अस्पताल लाया गया।बताया जा रहा है छोटी कोदरजन्ना बिन्दटोला के सुग्रीव बिंद के साथ पहले से कुछ लोगों के साथ जमीनी विवाद चल रहा था।मामले को लेकर थाना में भी आवेदन पीड़ित व्यक्ति ने दिया था।जहां गुरुवार को पति-पत्नी व दो पुत्र को दस लोगों ने घेर कर डायन बोलकर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें सुग्रीव बिंद 65 वर्षीय व उनकी पत्नी रामवती देवी 50 उनके दो पुत्र रामाशीष सिंह 26 साथ ही नरसिंह सिंह 30 वर्षीय इस हमले में घायल हो गया।घायल सुग्रीब बिंद ने आरोप लगाते हुए बताया कि मैं दिव्यांग व मजदूर हूं।पहले से जमीनी विवाद चल रहा था।अचानक दस लोगों ने घर में घुसकर डायन -डायन बोलते हुए घर के आंगन में आकर बुरी तरीके से घर के परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया।एक-एक आदमी पर तीन से चार लोग मार रहे थे।इस घटना में मेरे बेटे को भी किसी धारदार चीज से सिर काट दिया है।जिससे वह खून से लहू लोहान हो गया।आगे घायल वृद्ध ने बताया कि छेदी के पिता रामेश्वर, मुन्ना सुखहडी सिंह,के पुत्र करियाण सिंह,सुखहडी सिंह की पत्नी चिंता देवी, व दिनेश की पत्नी ने मारपीट कर डायन बोलकर हमला किया।कुछ लोगों ने छत पर से इंट पत्थर फेंक रहा था।हमारे परदादा के नाम से जमीन भी दर्ज है जोर जबरदस्ती करके जमीन हड़पना चाहते हैं।जिसमें 32 कट्ठा जमीन लूट लिया है।डायन प्रथा के मामले में डॉ मोहन मुर्मू ने बताया कि डायन प्रथा वर्षों से चली आ रही है।लोग अंधविश्वास में जी रहे है. ज्यादातर डायन प्रथा गांव में देखी जाती है।जहां शिक्षा की कमी होती है।लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।इधर डॉ मुकेश कुमार ने भी बताया कि शासन- प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# सीनियर ज़िला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में गुरुवार को न्यूबीज बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल के बीच मैच खेला गया। न्यूबीज टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.4 ओवर में 176 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सुमन कुमार ने 48, शहनवाज ने 22, समीर ने 21, आदित्य रंजन ने 12, अभिषेक पाठक ने 22 रनों की पारी खेली। यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल के गेंदबाज प्रबीर घोष ने 3, मो राजा, रोहित व हलीम ने 2-2 एवं मुशर्रफ ने 1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार क्रिकेट क्लब, राजमहल की टीम 22 ओवर में 144 रन बना कर ऑल आउट हो गई। हलीम शेख ने 19, सलीम ने 10, रोहित ने 18, शुभोजीत ने 22, प्रिंस कुमार ने 11, प्रबीर घोष ने 15 रन बनाए। न्यूबीज के गेंदबाज पुष्कर राज ने 4, समीर ने 3, सुमन व शाहनवाज़ ने 1-1 विकेट लिए। न्यूबीज ने 32 रनों से जीत दर्ज की। न्यूबीज के खिलाड़ी पुष्कर राज को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि गोपाल चोखानी ने पुष्कर राज को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डु एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 17 जनवरी को नेताजी क्रिकेट क्लब ब्लू बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला जाएगा।

## फरार महिला आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार।

साहिबगंज/बोरियों थाना क्षेत्र के अप्रोल गांव में थाना प्रभारी पंकज वर्मा के द्वारा फरार महिला अभियुक्त के आवास पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाकर सरेंडर करने के कहा गया। मामले पर थाना प्रभारी ने बताया थाना कांड संख्या 01/11 के आरोपी सुशीला देवी लंबे समय से फरार है, कोर्ट के निर्देश पर इस्तेहार चिपकाया गया। इस मौके पर पुलिस बल मौजूद थे।

# खाना बनाने के दौरान आग से एक महिला झुलसी

साहिबगंज/ जिले के तालझारी प्रखंड अंतर्गत कल्याणचक्र गांव में गुरूवार को खाना बनाने के दौरान एक महिला के कपड़े मे आग लग गई।कपड़े मे लगी आग के कारण महिला आग से झुलस कर गंभीर हो गई।परिजनो ने इलाज के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया।जहां चिकित्सक ने महिला का इलाज किया।वही पिड़ित महिला कल्याणचक्र गांव निवासी पत्नी चंपा तुरी उम्र 25 वर्ष है।आग से झुलसने से चंपा तुरी का हाथ व पैर झुलस गया है।घटना के संबंध मे परिजनो ने बताया कि महिला बच्चे दुध पिलाते हुए खाना बना रही थी। इस दौरान चुल्हा की आग की चिंगारी महिला के कपड़ा में लग गया।जिसके कारण महिला आग से झुलस गई।लेकिन बच्चा बच गया.महिला का इलाज सदर अस्पताल मे डॉ के देखरेख में चल रहा है 7

## राजमिस्त्री मृतक के शव का हुआ पोस्टमार्टम

साहिबगंज। जिले के बरहेट से कदमा जाने वाले रास्ते मे बुधवार को एक शव मिला पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया था.जहाँ मृतक बरहेट फुलभंगा के रहने वाला सहजान अंसारी( 32 ) था। बीते बुधवार की शाम बरहेट से कदमा जाने वाले रास्ते मे मृत अवस्था मे पड़ा था। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। वही शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को डॉ. तबरेज आलम ने किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## साड़ी में आग लगने से महिला झुलसी मौत..

**बरहरवा /पतना ।** रांगा थाना के विशनपुर केंदुआ गांव में सुबह दस बजे चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग से एक 28 वर्षीय महिला झुलस गई और उनकी मौत हो गई है. मृतका चूल्हे के पास बैठकर खाना बना रही थी. मृतका की पहचान राजकिशोर रजक की पत्नी सोनिया देवी के रूप में की गई है घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पडोसी नारायण रजक ने बताया कि मृतक सोनिया देवी सुबह दस बजे अपने घर ने खाना बना रही थी. इसी दौरान चिंगारी कपड़े पर पड़ गई. देखते ही देखते आग महिला की साड़ी में आग लग गई और वह बुरी तरह झुलस गई. महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़े और किसी तरह आग पर काबू पाया. तब तक शरीर का आधा हिस्सा झुलस गया था. आनन फानन में परिजन महिला को पास के शीतल अस्पताल केंदुआ में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए हॉयर सेंटर रेफर कर दिया. शीतल अस्पताल से पाकुड़ सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में महिला ने रास्ते मे ही अपना दम तोड़ दिया.जानकारी के अनुसार महिला तीन बच्चों की माँ है ओर उनके पति जेसीबी चालक है।

# चौकीदार परीक्षा की तैयारियां को लेकर डीसी ने की बैठक



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज। आगामी 19 जनवरी को होने वाली जिला चौकीदार परीक्षा को लेकर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में बैठक हुई। जहां बैठक में परीक्षा को निष्पक्ष,पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। डीसी ने निर्देश दिया कि परीक्षा की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों की व्यापक तैयारीडीसी ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सभी केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं,जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की उचित व्यवस्था, साफ-सुथरे शौचालय और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बताया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती होगी।परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, और अन्य संदिग्ध सामग्री का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए केंद्रों पर चेकिंग टीम तैनात की जाएगी।डीसी हेमंत सती ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वे ईमानदारी और अनुशासन के साथ परीक्षा में शामिल हों। उन्होंने कहा, ÷परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा,अपर समाहर्ता गौतम भगत, एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार,जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत सभी केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में मारपीट, चार घायल



**साहिबगंज ।** गुरुवार को जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छोटी कोदार्जना में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों के कुल 4 लोग घायल हो गए जिसमें महिला व पुरुष दोनों शामिल है।वही मामले में मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि छोटी कोडर्जनना में आपसी मारपीट की सूचना मिली थी।जिसमें रामाशीष सिंह,28 वर्षीय,सुग्रीव सिंह 62 वर्षीय,नरसिंह सिंह,30 वर्षीय व रामवती देवी 55 वर्षीय घायल हो गए।वही घायलों ने बताया कि पड़ोसी रामेश्वर सिंह,छेदी सिंह,मुनिलाल सिंह,कुमकुम देवी,उषा देवी, सुखारी सिंह,चिंता देवी व कटिमन सिंह ने लाठी डंडों से मारपीट की है।वही मामले में जानकारी देते हुए पुलिस ने आगे बताया कि सभी घायल अवस्था में थे,इसी वजह से चिकित्सा को प्राथमिकता देते हुए सभी को ईलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंचाया गया है। इलाजोंपरांत पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

# पांच दिवसीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** साहिबगंज। ,नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज की ओर से आयोजित पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम 2025 का उद्घाटन 15 जनवरी को साहिबगंज जिले के सदर प्रखंड स्थित अभियान प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जैक अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सिंह, साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य डॉक्टर एस आर रिजवी, राष्ट्र सेवा योजना के नोडल पदाधिकारी प्रशांत भारती, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अब्दुश सुभान। जैक अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम लेखा सहायक साहिबगंज के अनिल कुमार ने किया। नेहरू युवा केंद्र साहिबगंज के जिला युवा अधिकारी शुभम चंद्रन ने बताया कि इस कार्यक्रम में पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

# संत जेवियर शिक्षक के घर चोरी मामले का उद्भेदन

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोड़ाबाड़ी हाट के निकट के निवासी संत जेवियर स्कूल के शिक्षक के घर हुई चोरी मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया। एसपी कार्यालय से जारी रिलीज के अनुसार 28 दिसंबर 2024 को समलापुर स्थित एक बैंक मैनेजर के घर चोरी मामले में जेल गए आरोपियों ने इस कांड को अंजाम दिया था। बैंक मैनेजर के घर चोरी करने वाले पुरानी साहिबगंज, नया टोला निवासी सोनू कुमार सिंह, हबीबपुर निवासी अखिलेश कुमार भगत व अंजुमन नगर निवासी तारिक हुसैन उर्फ लालू को पुलिस ने 31 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर 3 जनवरी 2025 को संत जेवियर शिक्षक के छुट्टी से लौटने के बाद चोरी की वारदात का पता चला था। जिसके बाद पुलिस ने पूर्व की चोरी में जेल में बंद तीनों चोरों को दो दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। रिमांड के दूसरे दिन गुरुवार को तीनों ने संत जेवियर स्कूल के शिक्षक के यहां चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। तीनों ने पुलिस को बताया कि एक ही दिन पहले संत जेवियर शिक्षक के यहां और बैंक मैनेजर के यहां चोरी की थी। तीनों ने एक अन्य का नाम बताया है। जहां उन्होंने चोरी का सामान बेचा है। पुलिस मामले में अग्रतर अनुसंधान कर रही है।

## कामरेड महेंद्र सिंह का शहादत दिवस मना



कुंडहित (जामताड़ा)गुरुवार को मुख्यालय स्थित भाकपा माले पार्टी कार्यालय में शहीद कॉ महेंद्र सिंह का 21वीं शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड सचिव कामरेड सोमलाल मिर्धा ने किया वही झंडात्तोलन कॉ दक्खिन घोष ने किया। तत्पश्चात शहीद कामरेड महेंद्र सिंह के नाम एक मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान जिला सचिव सुनील राणा ने कहा कि जोहार झारखंड अभियान को गांव गांव तक ले जाने की जरुरत है, पार्टी नया सदस्यता भर्ती, ब्रांच लोकल कमिटी गठन के साथ जल, जंगल, जमीन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भ्रष्टाचारी, पेसा कानून, पांचवें अनुसुची, एवं भाजपा सरकार से झारखंड के बकाया पैसा वसुल तथा, स्थानीय नीति जैसे जन मुद्दे को लेकर जन संघर्ष को तेज करने की समय की मांग है। मौके पर पार्टी के जिला सचिव सुनील राणा, प्रखंड सचिव सोमलाल मिर्धा, लखिंदर मिर्धा, दुर्गादासी सोरेन, मनिका मिर्धा, आशा मिर्धा, मिता कर्मकार, संध्या कर्मकार, ममता राणा, सीता कर्मकार, लखेश्वर हांसदा, बबलु लोहार, बाबू सिंह मुर्मू बटेश्वर टुडू सचिन राणा मार्शल मुर्मू, सनत बास्की, बहामुनी मरांडी आदि उपस्थित थे।

# प्रधान होली कोडा की हत्या का पुलिस ने किया उद्वेदन

**साहिबगंज।** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरन गांव के ग्राम प्रधान होली कोडा कि 13 जनवरी को अपराधियों के द्वारा गोली मार कर हत्या करने मामले में मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव को मिली बडी सफलता।थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया की ग्राम प्रधान होली कोडा हत्या मामले में थाना के एसआई पवन कुमार यादव के साथ अनुसंधान में हत्या का सफल उद्वेदन किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया की ग्राम प्रधान होली कोडा का हत्यारा कोई और नही उनका घर आने-जाने वाले पंकज कुमार गुप्ता था, जो मिर्जाचौकी बाजार के सिटी विश्वकर्मा के साथ मिल कर होली कोडा का हत्या करने का षडयंत्र रच रखा था।ग्राम प्रधान कि हत्या को लेकर दो लाख रुपया दिया था पंकज ने सिटी विश्वकर्मा को पुछताछ के क्रम में पुलिस को पंकज कुमार गुप्ता ने बताया की होली कोडा कि हत्या कराने को लेकर दो लाख रुपये सिटी विश्वकर्मा को दिया गया था। सिटी विश्वकर्मा ने षड्यंत्र के तहत ग्राम प्रधान होली कोडा के साथ मॉर्निंग वॉक पर गया और अपराधियों को फोन कर हत्या करने कि बात कही तभी घात लगाए अपराधियों ने होली कोडा पर फायरिंग कर फरार हो गया। वहीं सिटी विश्वकर्मा ने भी पुलिस को यह बताया की पंकज कुमार गुप्ता ने दो लाख देने के बाद पचास हजार रुपये श्राद्ध कर्म करने को लेकर मांगा था। कहा था कि काम होने के बाद 50 हजार रुपये तुम्हें दे दिया जाएगा। इधर पुलिस को पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि होली कोडा के घर से मेरा संबंध था।जिसको लेकर होली कोडा के साथ कभी-कभी कहा सुनी और मारपीट भी होता था।इससे पंकज कुमार गुप्ता काफी नाराज था।पुलिस को उन्होंने यह भी बताया कि जमीन बेचने के कार्य में ये काफी हस्तक्षेप करता था और हम लोगों के बीच रोड़ा था। इसलिए इसे मारने के लिए षड्यंत्र रचकर दो लाख में सिटी विश्वकर्मा से बात कि गई थी। जहां सिटी विश्वकर्मा ने अपराधियों को पैसा देकर ग्राम प्रधान होली कोडा के साथ मॉर्निंग वॉक के दौरान 13 जनवरी की सुबह 6 बजे अपराधियों के द्वारा गोली चलाकर हत्या करवाया गया। थाना प्रभारी ने होली कोडा हत्या कांड का उद्वेदन कर दो को भेजा जेल महादेववरन गांव के ग्राम प्रधान होली कोडा के हत्या के मामले में मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया कि थाना कांड संख्या 3/ 25 के तहत पंकज कुमार गुप्ता और सिटी विश्वकर्मा को साहिबगंज जेल भेज दिया गया है।वहीं कहा की इस घटना में और जो कोई भी सम्मिलित है उसको लेकर छापामारी की जा रही है।उसे भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## कस्तूरबा की छात्रा राजनंदनी राष्ट्रीय विद्यालय योगा प्रतियोगिता में भाग लेगी



**साहिबगंज**साहिबगंज।स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम दिल्ली सरकार द्वारा आगामी 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 17 योगा प्रतियोगिता में भाग लेने के कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, राजमहल की छात्रा राजनंदनी कुमारी का चयन झारखंड टीम में किया गया है। जो महाराष्ट्र में अपना योग में प्रदर्शन करेंगी ।ज्ञात हो राजनंदनी कुमारी ने झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की थी । जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलंपिक संघ के राजेश यादव, कल्याण श्रीवास्तव,माधव चंद्र घोष,संतोष उर्फ टिंकू, कोच योगेश यादव,अशोक साहनी,प्रकाश सिंह बादल, कस्तुरबा राजमहल की वार्डेन मारग्रेट हेंब्रम,खेल शिक्षिका ज्योति पन्ना समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभ कामना दी ।

## मध्य विद्यालय नाला में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक हुई



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)⁓- मध्य विद्यालय नाला में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ नाला तथा गेड़िया अंचल की संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष महेश्वर घोष की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मंच का संचालन जिला कार्यकारी सदस्य नवीन कुमार ने किया। इस दौरान सांगठनिक स्वरूप तथा सांगठनिक विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेश्वर घोष ने कहा कि पिछले चुनाव सम्पन्न कराने का सहयोग राशि जो शिक्षकों को मिलना चाहिए था वो अभी तक नहीं मिला, आगामी दिन शिक्षकों द्वारा आंदोलन किया जाएगा। कहा कि शिक्षा विभाग से संबंधित 2004 का फिक्सेशन प्रोन्नति हो या और भी बहुत से कार्य रह जाते हैं आज वह सभी कार्य को गति दिलाने के लिए एकजुट हुए हैं। हमलोग एक शपथ लिए हैं नाला से ही शुरूआत कर जामताड़ा जिला को अग्रणी भूमिका में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ को ले जाने का कोशिश करेंगे। इस अवसर पर राज्य प्रतिनिधि राधा विनोद मंडल, जिला कार्यकारिणी सदस्य नवीन कुमार, जिला संयुक्त सचिव सुधीर कुमार, गेड़िया अंचल अध्यक्ष बिमल कुमार सिंह, अंचल सचिव परिमल मरांडी,राज्य प्रतिनिधि सुब्रत कुमार चौधरी,अंचल उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिन्हा,नाला अंचल कोषाध्यक्ष दिलीप रविदास, राज्य प्रतिनिधि खगेंद्र नाथ घोष, लालदेव दास, संजीव कुमार ठाकुर, कृष्ण कांत घोष, संजीव कुमार मिश्र, अर्जुन गोराई, रामरतन मुर्मू,दामोदर मंडल, अदैत्य मंडल,रशमय माजी,दयामय मंडल सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# विवेकानंद जयंती पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** ।जिले के जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बिजली ऑफिस के निकट एआई कंप्यूटर सेंटर में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें कोमल कुमारी ने प्रथम, मुन्ना राज ने द्वितीय व नवीन महतो ने तृतीय स्थान हासिल किया। मौके पर सेंटर के डायरेक्टर सोनू चौधरी, जज के रूप में चंपक दत्ता, मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक अजय कुमार एवं विशिष्ट अतिथि अशोक तिवारी के साथ जिला भवेश कुमार, संस्कार भारती से श्वेता दत्ता, ममता विद्यार्थी, पुनम तिवारी, गुंजा, रिमा व ओलिविया दत्त मौजूद थे।

## आस्था का महापर्व बाजारवाद के हवाले

प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर आस्था का सबसे बड़ा महाकुंभ हो रहा है। संसार का यह सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। देश और विदेश से कुंभ मेले में शामिल होने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़े पैमाने पर इंतजाम किया जाता है। कुंभ मेला लगातार एक माह से ज्यादा दिनों तक चलता है। नागा साधु कुंभ मेले में सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र होते हैं। इस बार किन्नर साधु भी बड़े पैमाने पर कुंभ मेले में पहुंचे हैं। धार्मिक आस्था के इस महाकुंभ में पहली बार बाजारवाद भी देखने को मिल रहा है। साधु, सन्यासी भी इससे अछूते नहीं दिख रहे हैं। जो साधु, सन्यासी कुंभ मेले में पहुंच रहे हैं उनमें से अधिकांश नेशनल मीडिया और सोशल मीडिया में धूम मचा रहे हैं। गंगा, जमुना और सरस्वती की इस त्रिवेणी में सब अपने-अपने पाप धोकर ज्यादा से ज्यादा पुण्य पाने की लालसा लिए आते हैं। वहीं बाजारवाद के पोषक हर वह हथकंडा अपना रहे हैं जिससे वो ज्यादा से ज्यादा अर्थ कमा सकें। वहीं दूसरी तरफ धार्मिक आस्था के इस महापर्व पर अनेक साधू, सन्यासियों द्वारा जिस तरह से अपने भक्तों को लुभाया जा रहा है, जिस तरह से कुंभ मेले में साधु, सन्यासी अपनी शान-शौकत का प्रदर्शन कर रहे हैं, साधु सन्यासी के पंडाल और उनके पंडाल में भक्तों के लिए जिस तरह के आधुनिक इंतजाम किए गए हैं वो भी सभी का ध्यान खींच रहे हैं। एक-एक रात रुकने का खर्चा लाखों रुपया बताया जा रहा है। साधु-संतों को उनके भक्त चढ़ावे में वह सब दे रहे हैं जिसकी कल्पना करना धार्मिक आयोजनों में संभव नहीं होता है। इसके अतिरिक्त सरकार भी इस अर्थतंत्र के युग में महाकुंभ के इस आयोजन से पुण्य के रूप में वह सब कुछ पा लेना चाहती है जो शायद इसके बाद संभव न हो। सरकार ने दावा किया है कि एक दिन में त्रिवेणी के तट पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर अपने पापों को धोया है। तड़के शुरू हुआ यह स्नान रात तक चलता रहा। कुंभ के आयोजकों और सरकार के द्वारा एक ही दिन में 3.50 करोड लोगों के स्नान करने की बात पूरे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। कुंभ मेला क्षेत्र में साढ़े 3 करोड़ श्रद्धालु होने का जो दावा किया जा रहा है उस पर कोई भी विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है। कहा जा रहा है कि मेला क्षेत्र के लिए जिस तरह का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है उसमें सरकारी मशीनरी इंतजाम के नाम पर भारी भ्रष्टाचार कर रही है, लेकिन इस तरह से यदि सरकारी प्रचार किया जाता है तो जिस पर लोगों को विश्वास ही ना हो तो वह चर्चा का विषय बन जाता है। अब सच्चाई अपनी जगह है और दावे-प्रतिदावे अपनी जगह, जिस पर लगातार बात होती रहेगी। बहरहाल कुंभ के मेला क्षेत्र में साधु, संतों और सन्यासियों द्वारा सनातन की शक्ति और वैभव का प्रदर्शन किया जा रहा है। अखाड़े और नागा साधु-संतों को लेकर जिस तरह से श्रद्धालुओं के बीच में उनका आकर्षण बना हुआ है वह काबिले जिक्र तो हो ही गया है। देसी और विदेशी श्रद्धालु भी कुंभ के मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। विश्व के कई देशों से वहां के नागरिक जो सनातन परंपरा से प्रभावित हैं वह हिंदी और संस्कृत के मत्रों के साथ कुंभ मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उसको लेकर कुंभ मेले का आकर्षण अपने आप में अनूठा है। सारी दुनिया के देशों में इतनी बड़ी संख्या में कहीं पर श्रद्धालु एकत्रित नहीं होते हैं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। कुंभ के मेले में जाकर साधु-संतों की शोभायात्रा, तरह-तरह की ध्वजा, घोड़े-हाथी पर सवार धर्मगुरु, नागा साधुओं का त्रिशूल, भाला, गदा, तलवार और विभिन्न वेशभूषा में जो प्रदर्शन किए जाते हैं उसको श्रद्धालु देखकर रोमांचित हो उठते हैं।

# दिल्ली में भाजपा के लिए ' बिल्ली के भागे छिका टूटना '

**अशोक भाटिया,**

मई 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के हौसलों को उड़ान दी थी। कांग्रेस सबसे अधिक खुश थी क्योंकि पिछले दस वर्षों में पहली बार राहुल गांधी का नेतृत्त्व कामयाब हुआ था। 2014 और 2019 में तो कांग्रेस को लोकसभा में इतनी सीटें भी नहीं मिली थीं कि वह विपक्ष के नेता का पद भी पा सके। हालांकि 2024 में उसे 99 सीटें मिल गईं और उसके दामन से यह धब्बा दूर हुआ कि कांग्रेस अब मुख्य विपक्षी दल भी नहीं बन पा रही है। लेकिन कांग्रेस की यह हवाबाजी स्थायी न रह सकी। हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों ने उसकी फिर बुरी गत कर दी।लोकसभा चुनाव के नतीजों का श्रेय कांग्रेस खुद को दे रही थी पर यह सत्य नहीं है। कांग्रेस की इन 98 सीटों पर जीत के पीछे इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव का राजनीतिक दांव था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सीलमपुर रैली में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी करके कांग्रेस के कुछ नेताओं को भी चौंका दिया, जिन्होंने उनके साथ मंच साझा किया था।राहुल गांधी ने कहा, ÷मोदी और अरविंद केजरीवाल दोनों एक जैसे हैं, वे देश के लोगों से झूठे वादे करते हैं।÷ उन्होंने केजरीवाल की तुलना मोदी से की और भ्रष्टाचार, शासन और जाति जनगणना पर चुप्पी को लेकर केजरीवाल पर हमला किया। इसके साथ ही अब लोकसभा में आप के साथ हुए आधे-अधूरे गठबंधन का अंत हो गया, जो शायद कभी पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया। हालांकि वे शुरू में अस्वाभाविक सहयोगी थे, लेकिन इस नतीजे का विपक्षी एकता पर असर पड़ रहा है। गौरतलब है कि केंद्र में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले गठित इंडिया अघाड़ी का कुम्भ के मेले में विसर्जन हो गया है और महागठबंधन में शामिल प्रमुख दल ही विसर्जन की भाषा बोल रहे हैं। लोकसभा चुनाव में अब की बार 400 पार का नारा देने वाले भाजपा को इंडिया अलायंस ने 240 सीटों पर रोक दिया। लेकिन नए साल में इंडिया अलायंस को अपनी गर्दन लपेटनी पड़ी। भाजपा विरोधी गठबंधन को दो राज्यों महाराष्ट्र और हरियाणा में बड़ा झटका लगा । भारतीय गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस और कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे पर अब गठबंधन में क्षेत्रीय दलों का भरोसा नहीं है और कांग्रेस पार्टी गठबंधन सहयोगियों से नहीं पूछ रही है। यही नहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में भारतीय गठबंधन और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मतभेद बढ़ते जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, कांग्रेस भाजपा की राजनीतिक दुश्मन है और दूसरी ओर, भारतीय गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस के स्विंग और राहुल गांधी के नेतृत्व के बारे में बात कर रहे हैं। भारत गठबंधन में असंतोष से भाजपा को फायदा हो रहा है। यही कारण है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपा के लिए 100 प्रतिशत सफलता की बात कर रहे हैं। यह आईसीयू में जाने जैसा है। इस बार को सबसे आगे किसने लाया? लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा

### इंडिया गठबंधन का बिखरना -

को फिर से बड़ी जीत मिलने लगी है, जिसने भारत के नेताओं को हिलाकर रख दिया है। राहुल गांधी के व्यवहार के कारण भारत गठबंधन के विघटन का कारण बना है, इस सवाल ने भी कांग्रेस को निराश किया है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भारत गठबंधन का उद्देश्य लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने तक सीमित था। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत गठबंधन का उद्देश्य लोकसभा चुनावों में भाजपा को हराने तक सीमित था। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा विपक्ष के बीच कोई एकता नहीं है। इसलिए भारत गठबंधन को भंग कर दिया जाना चाहिए। यदि महाराष्ट्र में भारत के गठबंधन की आवश्यकता समाप्त हो गई है, तो कांग्रेस को इसकी घोषणा करनी चाहिए। हम तय करेंगे कि किस रास्ते पर जाना है। भारत गठबंधन किस लिए था? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा का अश्वमेध देश भर में चल रहा है, जिससे कई राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रहा है। भाजपा विरोधी वोटों का विभाजन रोकने के लिए %भारत% के बैनर तले दलों को एक साथ लाने की रणनीति तैयार की गई। आम आदमी पार्टी समेत 26 राजनीतिक दल गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आए थे। गठबंधन का नाम बदलकर भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन या इंडिया अलायंस कर दिया गया। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे को गठबंधन का अध्यक्ष बनाया गया। इंडिया अलायंस का उद्देश्य 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से हटाना था। बेंगलुरु में बैठक में, ममता बनर्जी ने घोषणा की कि गठबंधन के सभी कार्यक्रम, अभियान और प्रचार भारत के बैनर तले होंगे। भारत के गठन के छह महीने बाद 24 जनवरी, 2024 को ममता बनर्जी ने घोषणा की कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस कमजोर थी। कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस से 10-12 सीटों की मांग की थी, लेकिन ममता ने साफ इनकार कर दिया। ममता बनर्जी ने भारत का गठबंधन नहीं छोड़ा और न ही भारत से अलग हुईं। यह हमेशा कठिन रहा है। ममता के खुद के ऐलान के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 जनवरी, 2024 को भारत में राम राम के प्रदर्शन की खबर सामने आई। इतना ही नहीं उन्होंने सीधे भाजपा नीत राजग का रास्ता भी अपनाया। भारत की नींव रखने वाले वही नेता भगवा ब्रिगेड में गए।

ममता और नीतीश कुमार की मेरी इच्छा की राजनीति भाजपा के पक्ष में गिरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई, 2024 को बिहार के पटना में एक रोड शो को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल एक परिवार के हितों की रक्षा करने और कुछ भी करके सत्ता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनावों में 282 सीटें जीतीं। 2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 282 सीटें जीतीं। पार की घोषणा की गई थी। लेकिन 2024 के चुनावों में कांग्रेस की संख्या 240 पर रुक गई, जबकि कांग्रेस के सांसदों की संख्या 100 तक पहुंच गई। इंडिया अलायंस ने कांग्रेस की सफलता में प्रमुख भूमिका निभाई। 2019 में, लोकसभा में हृष्ठ सांसदों की संख्या 360 थी, 2024 में यह 293 थी। 2019 में, भाजपा सांसदों की संख्या 303 थी, 2024 में यह 240 पर रुक गई। 2019 में, विपक्षी सांसदों की संख्या 119 थी। 2024 में लोकसभा में कांग्रेस के 52 सांसद थे, 2024 में यह संख्या बढ़कर 100 हो गई। 2014 और 2019 में लोकसभा में विपक्ष कमजोर था। विपक्ष का कोई नेता नहीं था। 2024 में, विपक्ष मजबूत हुआ। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। 2024 के चुनावों में, भाजपा ने 543 सीटों में से 441 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। इंडिया अलायंस ने 466 सीटों पर चुनाव लड़ा। इंडिया अलायंस ने संविधान, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया। भाजपा ने 400 पारों का नारा दिया है क्योंकि वह संविधान को बदलना चाहती है, और मतदान पर इसका वांछित प्रभाव पड़ा। हरियाणा में अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनाव हुए थे।्रक्क और स्क्कदोनों इस राज्य में चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें सीटें देने से इनकार कर दिया। कांग्रेस में गुटबाजी और भारत में विभाजन के कारण भारत में कांग्रेस का विभाजन हुआ। हरियाणा में इंतजार करना पड़ा और भाजपा ने सत्ता हासिल कर ली। महाराष्ट्र में महागठबंधन अंत तक सत्ता की साझेदारी से खिलवाड़ करता रहा। लोकसभा में गठबंधन की सफलता ने गठबंधन को काफी आत्मविश्वास दिया।

कांग्रेस और उबाथा सेना पहले से ही मुख्यमंत्री पद के लिए तैयार थे। न केवल भाजपा ने गाफिल गठबंधन को हराया, बल्कि प्यारी बहन योजना और ओबीसी ने भाजपा-महायुति को भारी बहुमत दिया। अगर महागठबंधन के 50 विधायक भी नहीं चुने जा सके तो भारत की जरूरत क्यों पड़ी। लोकसभा में अखिलेश यादव पहले पहली पंक्ति में बैठते थे। लेकिन संसद के शीतकालीन सत्र में उन्हें सीट नंबर 355 अपने पीछे मिल गई। अखिलेश ने थैंक्यू कहकर अपनी नाराजगी जाहिर की। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने भारत बनाया, लेकिन गठबंधन का नेतृत्व ठीक नहीं है, मुझे मौका मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस चारों राज्यों महाराष्ट्र, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में बुरी तरह हार गई। दिल्ली में कांग्रेस और आप एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस लोगों का विश्वास नहीं जीत सकी और भारत में सहयोगी दलों ने भी कांग्रेस पर भरोसा किया। और नहीं। 2025 में दिल्ली और बिहार, 2026 में असम, पश्चिम बंगाल,

तमिलनाडु और केरल, 2027 में उत्तर प्रदेश। पिछले सात महीनों में, भारत गठबंधन की बैठक नहीं हुई है। किसी की जरूरत नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम में फायदे में भाजपा जा रही है क्योंकि इंडिया गठबंधन के विसर्जन का सबसे ज्यादा फायदा भाजपा को ही मिल रहा दिखता है ।

## पाकुड़ की खबरें

### अंचल प्रशासन ने दिलाई जमीन की दखल दिहानी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** हिरणपुर (पाकुड़)। करणडांगा मौजा में गुरुवार को अंचल प्रशासन के द्वारा विवादित जमीन की दखल दिहानी एसाजुद्दीन मोमिन को दिलाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी सह दंडाधिकारी पाकुड़ के वाद संख्या 12/ 2016-17 में एसाजुद्दीन मोमिन बनाम नासिर अंसारी के पारित आदेश अनुरूप दिनांक 13.10.22 के आलोक में करणडांगा मौजा के जमाबन्दी संख्या 12 , दाग संख्या 414 में स्थित 16 कठ्ठा 12.5 धुर जमीन को नासिर अंसारी से मुक्त कराते हुए एसाजुद्दीन मोमिन को दखल दिहानी का आदेश दिया गया था। इसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी के निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह अंचल निरीक्षक विकास बास्की के नेतृत्व में अंचल उप निरीक्षक , राजस्व कर्मी सहित सरकारी अमीन के उपस्थिति में उक्त जमीन की मापी कराकर दखल दिहानी दिलाई गई। इस दौरान काफी संख्या में पुलिसबल भी उपस्थित थे। अंचल निरीक्षक ने बताया कि आदेश के आलोक में शांतिपूर्ण रूप से दखल दिहानी दिलाई गई।

### परिवार नियोजन व यक्ष्मा जांच शिविर का आयोजन



**पाकुड़।** गुरुवार को पिरामल स्वास्थ्य और स्वास्थ विभाग के संयुक्त तत्वाधान में परिवार नियोजन स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान मोहन मुर्मू के द्वारा किया गया । शिविर में लोगों परिवार नियोजन के महत्त्व पर सामूदायिक स्वास्थ अधिकारी जैस्मिन अकबरी के द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया एवं नई विवाहित जोड़ी को कंडोम वितरण किया गया।मौके पर पहुंचे सीनियर प्रोग्राम मेनेजर तुहीन बनर्जी के द्वारा परिवार नियोजन के विभिन्न सरकारी योजनों के संबंध में जानकारी दी गई एवं समुदाय के 166 सम्भावित यक्ष्मा मरीजों का जांच किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य भूमिका गांधी फेलो सोनिका मंडल अफ़रोज़ आफरीन एवं स्वास्थ विभाग टीम की।मौके पर पिरामल स्वास्थ के जिला प्रोग्राम लीडर मनोज कुमार महतो, मो सानिफ अंसारी , अफ़रोज़ आफरीन ए एन एम ज्योति हेंब्रम, सहिया मेरीमुनि, सेविका आशा गोंड उपस्थित रहीं।

### जल सहिया के द्वारा ग्राम सभा आयोजित

महेशपुर( पाकुड़ ) प्रखंड के शहरग्राम पंचायत अंतर्गत शहरग्राम में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें जल सहिया रुक्मिणी देवी ने ग्रामीणों को जल की गुणवत्ता तथा इस पर आने वाले संकट से निपटने के बारे में जानकारी दी जल चौपाल में फ्लोराइड की समस्या और उससे जुड़े समाधान के बारे में भी बताया गया साथ ही साथ जल गुणवत्ता पर भी चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि पृथ्वी पर विद्यमान संसाधनों में सबसे महत्वपूर्ण है जल का सबसे शुद्धतम रूप प्राकृतिक जल है हालांकि यह पूर्णत शुद्ध रूप से नहीं पाया जाता है कुछ अशुद्धियां जल में प्राकृतिक रूप से पाई जाती है तथा जल के भौतिक रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता पर भी चर्चा किया गया। इस बैठक में दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे

### वन भोज सह मिलन समारोह समारोह से आपसी संबंध होते हैं मजबूत शांति सरोजिनी मुर्मू

**बरहरवा।** पाकुड़ रोड महाराजपुर नीक केबिन के समीप गुरुवार को प्रखंड कमेटी झामुमो के द्वारा वन भोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया! कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम एवं सांसद की मां श्रीमती शांति सरोजिनी मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित हुए! मौके पर संसद की मां मैं कहा कि वन भोज सह मिलन कार्यक्रम करने से हम कार्यकर्ताओं की बीच आपसी संबंध और मजबूत होती है एवं कार्यकर्ता ऊर्जावान और खुश होते हैं वहीं सांसद प्रतिनिधि सजीव सामू हेंब्रम ने कहा हम कार्यकर्ताओं को आपस में मिलने झूलने का एक अच्छा प्लेटफार्म वन भोज जैसे कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं को एक दूसरे से मिलने का मौका मिलता है वही मौके पर सांसद प्रतिनिधि बरहरवा अब्दुल कादिर,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर, नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, प्रखंड सचिव प्रदीप साहा, प्रखंड युवा अध्यक्ष नूरुल शेख, नगर सचिव मोहम्मद इकबाल हुसैन, नगर कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, बेदा शेख, सभी पंचायत एव नगर से आए हुए दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे!

# जल्द हो सकती है नगर निकाय की चुनाव, सरकार कर रही है रूपरेखा तैयार : सांसद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड में नगर निकाय , नगर परिषद की चुनाव जल्द होने की संभावना है। इसके लिए राज्य सरकार रूपरेखा तैयार करने में जुटी है।उक्त बातें पाकुड़ परिसदन भवन में राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कही । पत्रकारों से बातचीत करने के क्रम में राजमहल सांसद विजय हसदा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में कई कारणों से विलंब जरूर हुआ है, किंतु सरकार के पूरी तरह से संज्ञान में है और उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो शीघ्र ही इसकी घोषणा सरकार द्वारा कर दी जाएगी। पाकुड़ में बिना टेंडर योजनाओं के कार्यों के निष्पादन कराने की चर्चा पर पूछे गए सवाल में सांसद ने कहा कि इसकी जानकारी मिली है।बिना टेंडर वर्क की सूची हमें उपलब्ध कराएं । मामले में अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी। बिना टेंडर के किसी भी कार्य का होना गलत है। अगर ऐसा हुआ है तो जिम्मेदारी के साथ इस वस्तु स्थिति की जायजा लिया जाएगा और जिले में ऐसा नहीं हो। इस संबंध में निर्देशित किया जाएगा । वही लिट्टीपाड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का काम अधूरा रहने के मामले में सांसद ने कहा कि दिशा की बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया गया है कि जल्द कार्य को पूरा कर ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा। सांसद ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना में कार्य कर रहे लापरवाह संवेदक को हटाया गया है और इसका फिर से टेंडर निकाला जाएगा और कार्य तेज गति से कराया जाएगा। इस दौरान सांसद ने पाकुड़ परिसदन में आम जनता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों को जल्द समस्याओं का निष्पादन का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि क्षेत्र के बहुत ऐसे लोग हैं जो अपनी समस्या के लिए मिल नहीं पाते हैं और उनकी समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा जन समस्याओं के निदान हेतु मैं परिषद भवन में आया हूं और लोग मिल रहे हैं लोगों की समस्या का समाधान की दिशा में पूरा प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीणों ने सांसद को पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया और समाधान की मांग की ।

### वायुसेना अग्निपथ योजना को ले कार्यशाला का हुआ आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। विंग कमांडर अरविंद सिंह रावत के निर्देशानुसार बिहटा पटना से आये चयन अधिकारी केवी रेड्डी एवं राजेश कुमार ने पॉलिटेक्निक के छात्र - छात्राओं को देश की रक्षा, आसमान की रक्षा करने के साथ ही वायु सेना के कार्यों की जानकारी दी और देश की सेवा के लिए आगे आने प्रोत्साहित किया। इस संबंध में प्रखंड अंतर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज पाकुड़ में वायुसेना अग्निपथ योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चयन अधिकारी केवी रेड्डी एवं राजेश कुमार ने छात्रों को बताया कि भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 7 जनवरी 2025 को आधिकारिक वेबसाइट agnipathyayu.cdac.in पर खुली है। जो अब 11 से 27 जनवरी 2025 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉगिन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। भर्ती में 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष और महिला जीसकी आयु साढ़े 17 से 21 वर्ष , लम्बाई 152 से.मी. तथा शैक्षणिक योग्यता बारहवीं, आईटीआई अथवा किसी भी विषय में डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंक तथा इंग्लिश में 50 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हो, आवेदन कर सकते हैं। देश की आजादी के बाद भारतीय वायु सेना ने कई अद्भुत काम किया है। देश की सुरक्षा के साथ बाढ़ की विभीषका के समय मानव मूल्यों की सुरक्षा एवं अन्य काम को करते है। भविष्य को बनाने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है। ऑफिसर बनने के लिए मैट्रिक के बाद से एनडीए की तैयारी कर अपने कैरियर को बना सकते है। एनसीसी करने वालों छात्रों के लिए भी सुनहरा मौका होता है। कहा कि हाथ या किसी भी शरीर के भाग पर टैटू नहीं बनवाना चाहिए।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक हुआ घायल

हिरणपुर( पाकुड़ )थाना क्षेत्र के धोवाडांगा में गुरुवार को बाइक का संतुलन बिगड़ने से हुई दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में ग्रामीणों व परिजनों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिरणपुर ले जाया गया। जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय महफूज अंसारी बाइक के जरिये रामपुर अपने फुआ घर जा रहा था कि इसी दौरान बाइक का संतुलन बिगड़ने से वो घायल हो गया। इस घटना के बाद घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया कि उसके सर पर गहरी चोट लगी है।

### महासचिव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्कूलों में प्रार्थना और दुआओं का दौर जारी

**पाकुड़ ।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राम रंजन सिंह जल्द स्वस्थ हो कर घर वापस हो , इसके लिए प्रदेश भर में दुआओं का दौर जारी है। जगह-जगह शिक्षक एवं छात्र ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। सनराइज स्कूल अमरपारा, सनराइज एकेडमी अमरपारा, राइजिंग सन पब्लिक स्कूल हिरणपुर, राही पब्लिक स्कूल रहसपुर, किड्स केयर स्कूल हिरणपुर, जीबीएसएस स्कूल हिरणपुर, सरस्वती शिशु मंदिर हिरणपुर, बाल विद्यापीठ पाकुड़, द्रोणा बचपन स्कूल पाकुर, आरकॉम पब्लिक स्कूल पाकुर, बापू शिक्षण संस्थान पाकुड़, एरिस चिल्ड्रन एकेडमी नवादा, सत्यमेव जयते स्कूल नवादा ,ग्लोबल निजकॉम इंग्लिश पब्लिक स्कूल बड़कियारी , संत पॉल स्कूल पाकुरिया, आइडियल इस्लामिक स्कूल, ने मंगलवार को अपने अपने स्कूल में शिक्षकों एवं छात्रों के साथ झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के महासचिव राम रंजन सिंह के स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की अल्लाह से दुआ मांगी, ताकि जल्द से जल्द वे स्वस्थ होकर घर वापस आ सके। इस संबंध में स्कूल संचालक जूलियस जी ने बताया की महासचिव की स्वास्थ्य स्थिर बनी हुई है। उनके सीने में दर्द है। सीने में खून स्कैच करने की बात कही जा रही है। हाथ के बाजू स्थान छोड़ने की बात कही जा रही है। हल्का-फुल्का बातचीत कर पा रहे हैं। अभी कुछ विशेष बताना जल्दबाजी होगा। बाहर से चिकित्सकों की एक दल विशेष जांच के लिए आने वाले हैं। तत्काल उन्हें किसी भी प्रकार की अस्पताल प्रबंधन से राहत नहीं मिलेगी। वह अभी आईसीयू में भारती रहेंगे । मालूम हो कि झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राम रंजन सिंह संगठन के कार्य से अपनी गाड़ी से रांची जाने के क्रम में बोकारो के पास पेटावर में हाइवा के साथ टचक्कर होने घंटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। वर्तमान में वे मेडिकेंट हॉस्पिटल बोकारो में आईसीयू में भर्ती है।

### किसानों को ससमय ऋण उपलब्ध कराने को लेकर बैंकर्स के साथ डीसी ने की बैठक

पाकुड़।उपायुक्त मनीष कुमार ने एलडीएम एवं उपस्थित बैंकर्स के साथ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में केसीसी ऋण से संबंधित समीक्षा बैठक किया। उपायुक्त ने एलडीएम को निर्देश दिया कि सभी बैंकों एवं जिला कृषि पदाधिकारी से संमन्वय स्थापित करते हुए लम्बित केसीसी आवेदनों का त्वरित निष्पादन करेंगे तथा कार्य प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्तक्षारी को दो दिनों के अन्दर उपलब्ध करायेंगे। केसीसी हेतु आये हुए सभी आवेदन को 28 जनवरी तक निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही केसीसी एकाउन्ट में पीएम किसान योजना/पीएम आवास / अबुआ आवास वा अन्य किसी सरकारी योजनाओं में दिये गये राशि की कटौती केसीसी ऋण के बावत न करने का निर्देश दिया गया। 28 जनवरी को केसीसी ऋण से संबंधित मेगा कैम्प करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया तथा 28 जनवरी तक सर्टिफिकेट केस का 30 प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

### लिट्टीपाड़ा सिमलोंग ओपी प्रभारी बने नबीन कुमार ,लिया पद भार

लिट्टीपाड़ा( पाकुड़)सिमलोंग ओपी में गुरुवार को नवीन कुमार 13 वें थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान किया। नए ओपी प्रभारी का स्वागत पूर्व ओपी प्रभारी प्रभारी विनोद कुमार ने बुके देकर किया।नवीन कुमार 2018 बैच के दरोगा है,इससे पूर्व वह नगर थाना में बतौर जेएसआई के पद पर पदस्थापित थे। उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक ने जिस उम्मीद से मुझे थानाध्यक्ष बना कर भेजा है उसमें मैं शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा थाना क्षेत्र में हर हाल में अवैध कार्य चलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा लोग निसंकोच थाना में आकर हम से मिले हर संभव मदद किया जाएगा। पुलिस आम जनता के साथ हैं। बता दे कि पूर्व ओपी प्रभारी विनोद कुमार का स्थांतरण आमड़ापाड़ा हो गया हैं।

### परकुड़ा गांव में सहायिका पद के लिए रीना देहरी को किया गया चयनित



**महेशपुर (पाकुड़ )** प्रखंड अंतर्गत परकुडा गांव में गुरुवार को महेशपुर बीडीओ सह सीडीपीओ डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर यादव के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से परकुड़ा में कुल 4 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे सहायिका पद हेतु रीना देहरी को चयनित कर वरीय अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिया है । वही इस मौके कर बीडीओ सह सीडीपीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने जानकारी देते हुए बताया प्रेक्षक उत्तम कुमार वैध की अगुवाई में समाज कल्याण बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 3083/एस.के दिनांक-03.12.2024 द्वारा विशेष अभियान के माध्यम से पूर्ण किये जाने वाले सहायिका के पद की रिक्तियों के विरुद्ध लंबित चयन के आलोक में उपायुक्त, पाकुड़ के सूचित आदेशांक 1282/एस.के दिनांक-28.12.2024 द्वारा संचालित समय एवं तिथि निर्धारित कर एक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्त कर उपरोक्त के आलोक में एक आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु आमसभा कर योग्य लाभुक का चयन कर रिपोर्ट वरीय अधिकारी को दिया गया है।इस मौके पर पंचायत मुखिया एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे ।

### ट्रेक्टर के धक्के से स्वास्थ्य केंद्र के दीवाल क्षतिग्रस्त

हिरणपुर (पाकुड़)। गुरुवार अपरान्ह ट्रेक्टर के द्वारा धक्का दिए जाने से वीरग्राम सड़क किनारे स्थित स्वास्थ्य केंद्र के चाहरदीवारी क्षतिग्रस्त हो गया। वही मौके पर पहुंचे पुलिस ने ट्रेक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रेक्टर से मिट्टी ढुलाई का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान तेज गति से आकर ट्रेक्टर चाहरदीवारी से टकरा गया। जिससे चाहरदीवारी का दीवाल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसको लेकर उपस्थित लोगों ने ट्रेक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# संताल एक्सप्रेस

गोड्डा /जामताड़ा

दुमका, 17 जनवरी 2025, शुक्रवार



## एसडीओ ने किया ओटोमोटिव बजाज शोरूम का उद्घाटन



**हनवारा संवाददाता** (गोड्डा) ~ महागामा के दियाजोरी सिद्धू कानू चौक के समीप राइड जोन ओटोमोटिव बजाज शोरूम का उद्घाटन एसडीओ आलोक वरण केसरी ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर पांच ग्राहकों को नई बाइक की चाबी प्रदान किया गया। इस मौके पर बजाज फाइनेंस के विकास कुमार ने बताया कि शोरूम में बाइक खरीदने पर फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। संचालक निगम कुमार भगत ने बताया कि शोरूम में सेल्स के साथ सर्विस की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध है। इस अवसर पर बीडीओ सोनाराम हांसदा, एसबीआई के रीजनल मैनेजर कमलेश कुमार, आलोक रंजन, संतोष कुमार, निशांत कुमार, राजन कुमार, झामुमो जिला उपाध्यक्ष श्रवण मंडल सहित लोग उपस्थित थे।

## शराब दुकान में लूट कांड का हुआ उद्भेदन, अभियुक्त गिरफ्तार



**पथरगामा संवाददाता ।** गत 5 जनवरी की रात्रि थाना क्षेत्र के विशाखा स्थित कंपोजिट शराब दुकान में नाइट गार्ड को चाकू, लाठी दिखाकर दुकान का ताला तोड़कर 82330 रुपए की शराब और 72010 रुपए नगद लूट लिया गया था। इस बाबत पथरगामा थाना में अज्ञात के खिलाफ कांड संख्या 4/25 धारा 329 (8) बीएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया था। उसी क्रम में बाराहाट बांका बिहार के पुलिस के सहयोग से 4 अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें से दो के पास एक देसी कट्टा और 7 कारतूस बरामद किया गया दोनों को बाराहाट थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत कांड अंकित कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। दोनों अभियुक्त का बाराहाट थाना में पूर्व से ही अपराधिक इतिहास दर्ज था। दो अभियुक्त जिसका धोरैया थाना में पूर्व से ही आपराधिक इतिहास दर्ज था। क्रमशः 19 वर्षीय सत्यम कुमार पिता चंदन मंडल ग्राम चपरा बाराहाट एवं 53 वर्षीय अवधेश चौहान पिता वासुदेव चौहान तेहहांडा बाराहाट दोनों जिला बांका को अपराध में संलिप्तता स्विकार करने के उपरांत पथरगामा थाना लाया गया जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। लूटी गई ग्लेमर मोटरसाइकिल संख्या जेएच 17 ए डी 9241 और मोबाइल फोन को बरामद कर लिया गया है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास के अलावे पथरगामा थाना प्रभारी रामसूरत यादव अवर निरीक्षक पथरगामा मनीष कुमार यादव, अवर निरीक्षक पथरगामा अनिल सिंह, बसंत राय थाना प्रभारी सत्यदीप,अवर निरीक्षक विपिन कुमार यादव नगर थाना गोड्डा, सहायक अवर निरीक्षक रंजन कुमार यादव मुफस्सिल थाना गोड्डा, सहायक अवर निरीक्षक गौरव कुमार यादव नगर थाना, सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा कमी शामिल थे।

## स्थानीय शहरी निकाय चुनाव होगी शीघ्र - प्रीतम गाडिया

**गोड्डा ।** शहरी निकाय का चुनाव शीघ्र होना है इसको लेकर निर्वतमान वार्ड पार्षद प्रीतम गाडिया ने बताया की स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर पार्षद रोशनी खलखो के विरुद्ध झारखण्ड सरकार मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में दिनांक 16/01/2025 को जस्टिस माननीय आनंदा सेन जी के कोर्ट में दिनांक 04/01/2024 के आदेश, तीन हफ्ते में चुनाव कराने के संबंध में अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। वहीं सुनवाई के दौरान चुनाव सरकार की ओर से मुख्य सचिव अलका तिवारी उपस्थित हुए। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा और प्रार्थी की ओर से विनोद सिंह ने पक्ष रखा। सरकार द्वारा न्यायालय में फिर ट्रिपल टेस्ट करवा कर चुनाव कराएंगे की बात रखी जिस पर न्यायालय ने असहमति जताते हुए सरकार को तुरंत चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने का आदेश दिया और सरकार को न्यायालय ने कहा कि कई स्थानों पर पिछले पांच वर्षों से चुनाव नहीं हुआ है यह बहुत गंभीर विषय हैं इसलिए कोर्ट ने तीन महीने में चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने का आदेश दिया इस पर मुख्य सचिव व सरकार ने सहमति जताई, सरकार द्वारा न्यायालय को बताया गया कि चुनाव आयोग द्वारा 5 जनवरी से पुनः नया प्रकाशित वोटर लिस्ट अभी तक सरकार को प्राप्त नहीं हुआ है जिससे चुनाव कराने में दिक्कत आ सकती है। इस पर न्यायालय ने चुनाव आयोग को एक हफ्ते का समय दिया है और अगले हफ्ते फिर से सुनवाई का आदेश दिया है।

## भीषण सड़क हादसा दो युवक घायल

मिहिजाम। मिहिजाम थाना क्षेत्र के कांगोई अंडर रेलवे पुलिया के पास सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 419 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एक पिकअप वाहन मिहिजाम से कांगगोई की ओर जा रहा था, जबकि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और पिकअप से टकरा गई। इस जोरदार टक्कर में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने त्वरित रूप से पुलिस और एंबुलेंस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मिहिजाम अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आसनसोल रेफर कर दिया गया। यह हादसा सड़क सुरक्षा की महत्ता को एक बार फिर उजागर करता है। स्थानीय प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं ताकि ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## क्षेत्रीय उपनिदेशक ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालुका का किया औचक निरीक्षण

**नाला (जामताड़ा)।** क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ गोपाल कृष्ण झा ने गेड़िया अंचल अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सालूका का गुरुवार को औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का जायजा लिया।इस दौरान शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को रूटिंग के अनुसार कक्षा संचालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय के साफ-सफाई एवं आकर्षक बागवानी को देखकर प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि इस विद्यालय का साफ सफाई एवं आकर्षक बागवानी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाएगी। कहा कि सभी विद्यालयों में इस तरह का परिवेश होना चाहिए ताकि विद्यालय का आउटलुक सुंदर एवं आकर्षक हो। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से कई सवाल भी पूछे छात्र छात्राओं ने संतोषजनक जबाब भी दिया। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना की। उन्होंने किचन में बना रहे एमडीएम का भी जायजा लिया एवं रसोइया को मेनु के अनुसार एमडीएम संचालन करने की बात कही। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कहा कि यह विद्यालय उच्च विद्यालय के लिए अर्हता रखती है। तो इस विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की पहल की जाएगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद तांती, सहायक अध्यापक नैनी प्रसाद गौराई, राश्मनी हेम्ब्रम एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## श्रीअन्न उत्पादन व संवर्द्धन अब समय की मांग : मुख्य महाप्रबंधक

संवाददाता

**गोड्डा ।** ग्रामीण विकास ट्रस्ट - कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में गुरुवार को नाबार्ड द्वारा संचालित श्री अन्न उत्पादन एवं विस्तारिकारीकरण योजना के अंतर्गत श्री अन्न फसलों का मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहांगीरदार, डीडीएम नूतन राज एवं कृषि वैज्ञानिक डा. रवि शंकर आदि ने संयुक्त रूप से किया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक जहांगीरदार ने श्री अन्न के उत्पादन व संवर्द्धन के लिए कृषक संगठनों को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने एफपीओ सदस्यों से संगठन में किसानों की संख्या बढ़ाने एवं एफपीओ का फेडरेशन बनाने का आह्वान किया। साथ ही गोड्डा के सभी एफ़पीओ को यहां के उत्कृष्ट उत्पाद जैसे काला गेंहू, काला चावल, घी, मडुआ के विभिन्न उत्पाद, मधु इत्यादि के उत्पादन को बढ़ाने, उसकी अच्छी पैकेजिंग, ब्रांडिंग कर मार्केटिंग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न उत्पादों के प्रसंस्करण करने एवं किसानों के आय संवर्धन के लिए विभिन्न उपाय विस्तारपूर्वक बताए। किसानों को उन्नत खेती करने हेतु भी सुझाव दिए । डीडीएम नाबार्ड नूतन राज ने सभी पांच कृषक उत्पादक संगठनों के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया7 ।वरीय वैज्ञानिक-सह- प्रधान डा. रवि शंकर ने बताया कि जिले में मोटे अनाज (श्री अन्न) मडुआ के उत्पाद तैयार करने के लिए प्रसंस्करण मशीन स्थापित करने के लिए पटना से लगभग 38 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है।

गंगटा फसिया एफ पीओ के सीईओ प्रीतम कुमार ,हरगौरी एफपीओ के सीईओ अमरेंद्र कुमार अमर ,खुशहाली एफपीओ के सीईओ प्रियव्रत झा ने किसान उत्पादक संगठनों को सूचारू रूप से चलाने के लिए नाबार्ड एवं केवीके के सहयोग करने का आभार जताया। प्रगतिशील महिला किसान एवं एफपीओ के सदस्यों द्वारा मडुआ से निर्मित वस्तुओं का निरीक्षण किया गया। नाबार्ड के सौजन्य से सभी महिलाओं के समूह को बीज का भंडारण करने के लिए सीड ड्रम दिया गया।7 कार्यक्रम का संचालन डा. सूर्य भूषण ने किया7 मौके पर डा. सतीश कुमार, डा. हेमंत कुमार चौरसिया, डा. रितेश दुबे, रजनीश प्रसाद राजेश, राकेश रोशन कुमार सिंह, सुप्रकाश घोष, अवनीश सिंह, नीतीश आनंद, जयकृष्ण माल, ऋषिकेश, प्रमोद कुमार वैद्य, अभय जायसवाल, सुरेंद्र सोरेन, दुलारी हांसदा, लतिशिया किस्कू, सोनोती सोरेन, संगीता देवी आदि प्रगतिशील किसान शामिल थे।




## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में ,एक घायल

कुंडहित (जामताड़ा)गुरुवार की शाम कुंडहित प्रखंड क्षेत्र में दो अलग-अलग मोटरसाइकिल दुर्घटना। दोनों मोटरसाइकिल चालकों द्वारा नशे की हालत में गाड़ी चलाने पर दुर्घटना में एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला की गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नाला थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के यादव मोहाली 20, नारायण मोहाली 22 एवं सूरज महोली 23 वर्षीय तीनो एक मोटरसाइकिल से दुमका की ओर जा रहे थे। इसी बीच कमलिया गांव में मोटरसाइकिल की नियंत्रण खो जाने के कारण घर के बाहर बैठे 60 वर्षीय ठंडा वाला मंडल को जोरदार टक्कर मारी। जिसमें ठ़डा वाला मंडल की एक पैर टूट गया तथा दोनों हाथ जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल चालक तथा तीनों युवकों को पड़कर कुंडहित थाना पुलिस को सूचना दिए। थाना प्रभारी घटनास्थल पहुंचकर तीनों जीवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजें वही नाला थाना के मालगाड़ निवासी पूसा राय 50 एवं रिंकू राय 40 वर्षीय नशे की हालत में गाड़ी चलाने पर शालुका का गांव के बाहर एक खेत में अचैत अवस्था में गिरा हुआ था ।ग्रामीणों के मदद से 108 एंबुलेंस के सहारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया दोनों सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालकों ने काफी नशे की हालत में गाड़ी चलाने पर सड़क दुर्घटना हुआ है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल पथरगामा में नामांकन प्रारंभ



पथरगामा। झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची द्वारा संचालित (डीएवी) पब्लिक स्कूल पथरगामा में सत्र 2025- 26 में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया गया है । इस आशय की जानकारी डी ए वी स्कूल के निदेशक संतोष कुमार महतो ने बताया कि डी. ए. वी.स्कूल पथरगामा में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के लिए नामांकन शुरू हुआ है, महतो ने बताया कि नर्सरी में नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं की उम्र 3 वर्ष से अधिक होना चाहिए द्य डी. ए. वी. स्कूल पथरगामा में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है द्य

## अदाणी पावर द्वारा सिकटिया चौराहे पर जागरूकता अभियान चलाया गया



**बिना हेलमेट दोपहिया सवारियों को अदाणी के अधिकारियों ने मुफ्त बांटे हेलमेट**

**गोड्डा ।** सड़क सुरक्षा माह के तहत अदाणी पावर द्वारा सिकटिया चौराहे पर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में मोतिया ओपी के थाना प्रभारी श्री महावीर पंडित और उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी की। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट सवारी कर रहे लोगों को रोका गया और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को चेतावनी देते हुए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया गया। अदाणी पावर प्लांट के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए हेलमेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर अदाणी पावर की ओर से सुब्रत देबनाथ, संतोष सिंह, अमित अमिताभ और अन्य सुरक्षा कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी श्री महावीर पंडित ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है और हेलमेट पहनने से दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सकती है। अदाणी पावर के अधिकारियों ने भी भविष्य में इस तरह के जागरूकता अभियानों को जारी रखने का संकल्प लिया। यह पहल सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

## रोड सेफ्टी कप- 25 गोड्डा फाल्कन ने गोड्डा यूथ को 6 विकेट से किया पराजित




**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित रोड सेफ्टी कप का गुरुवार को अंतिम लीग मैच खेला गया। वहीं इस मैच में गोड्डा फाल्कन ने गोड्डा यूथ को 6 विकेट से पराजित कर अपने सभी चारों लीग मैच में जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया है। जबकि गोड्डा यूथ और गोड्डा सीनियर टीम का अंक बराबर रहने पर नेट रन रेट में गोड्डा यूथ ने बाजी मारते हुए फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं फाइनल मुकाबला गोड्डा फाल्कन एवं गोड्डा यूथ के बीच 18 जनवरी को खेला जायेगा। आज के मुकाबले में गोड्डा यूथ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती झटके से संभालते हुए 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 138 रन का स्कोर खड़ा किया। प्रणय सिंह ने 56 रन एवं सौरभ सुमन ने 33 रन की पारी खेली। सत्यम सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी में गोड्डा यूथ की टीम आसानी से 21 ओवर 5 गेंद में ही सिर्फ 4 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वैभव यादव को दिया गया। जिला क्रिकेट लीग एवं गोड्डा प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर तीन टीमों के बीच रोड सेफ्टी कप का आयोजन कराया गया। तीनों टूर्नामेंट के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए गोड्डा अंडर 19, अंडर 23 एवं सीनियर टीम का चयन किया जायेगा। इस मौके पर सनोज कुमार, प्रभु कुमार, मोनू कुमार, मनीष कुमार, राजन झा सहित अन्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ तीन दिवसीय मां चंचला वार्षिक महोत्सव

**जामताड़ा ।** तीन दिवसीय 12वीं मां चंचला वार्षिक महोत्सव को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। चंचला माता मंदिर से आरंभ होकर स्टेशन रोड, टावर चौक, सुभाष चौक होते हुए कोर्ट मोड़ स्थित हनुमान मंदिर से वापस मुख्य बाजार होते हुए चंचला मंदिर में पहुंचकर संपन्न हुआ। इस कलश शोभायात्रा में हजारों की तादाद में महिलाएं, युवतियां, बच्चियां शामिल हुई। भीड़ का आलम यह रहा कि शोभायात्रा का अगला सिरा हनुमान मंदिर से होकर वापस चंचला मंदिर पहुंच गया तो दूसरी तरफ कलश उठाने की लाइन भी काफी लंबी दिखाई दी। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड की धुन पर एनसीसी कैडेट के छात्र करतब दिखाते हुए चल रहे थे। उसके उपरांत आदिवासी भक्तों का समूह जो पारंपरिक परिधान में आदिवासी तौर तरीके से नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दल के पीछे शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण महिला बैंड लोगों को खूब पसंद आया। महिला बैंड के बाद मां चंचला का भव्य सजा हुआ रथ शोभायात्रा में आगे बढ़ रहा था और उसके उपरांत समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल के नेतृत्व में हजारों की तादाद में महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। महोत्सव समिति के सैकड़ो वॉलिंटियर इस शोभायात्रा के नियंत्रण में लगे हुए थे। विभिन्न चौक चौराहों पर चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच, महोत्सव समिति आदि के द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल और शरबत आदि की व्यवस्था की गई थी । शोभायात्रा के कारण कई घंटे तक शहर के मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। पुलिस के जवानों के अलावा महोत्सव समिति के कार्यकर्ता यातायात नियंत्रण में लगे दिखाई दिए। मंदिर परिसर के अलावा शहर में आसपास के इलाकों को काफी भव्य ढंग से सजाया गया है जो शाम ढलने के बाद बहुत ही आकर्षक दिखाई देते हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन में पूजा पाठ के अलावा भजन कीर्तन, बांग्ला पाला कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को कलश विसर्जन के साथ तीन दिवसीय मां चंचला महोत्सव संपन्न होगा।

## भाकपा माले ने कॉमरेड महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस मनाया



**नाला (जामताड़ा)।** पकुड़िया पंचायत अंतर्गत बड़ाघोलजोड़ मोहली टोला में भाकपा माले ने कॉमरेड महेन्द्र सिंह का शहादत दिवस मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड सचिव सुशील मोहली ने की।इस अवसर पर सभी ने कॉमरेड महेन्द्र सिंह के प्रतिछवि पर माल्यार्पण की तथा उनके द्वारा किए गए संघर्ष तथा योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर प्रखंड सचिव सुशील मोहली ने कहा कि रोजगार, स्थानीयता, निजीकरण पर रोक,भ्रष्टाचार पर लगाम,पेसा और 5वीं अनुसूची पर अमल,मोदी सरकार से झारखंड के बकाए की वसूली के लिए जनसंघर्ष तेज करेंगे आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। मौके पर तपन हांसदा,सुकूमार मिर्धा, गुजरू मोहली, देवीश्वर हेम्ब्रम, देवलाल मोहली,हरेकृष्ण मोहली,दिनू मोहली,बबलु हेम्ब्रम, सुनील हेम्ब्रम, मंगल मोहली,सुनील मोहली,गौतम मोहली,सुरेश हांसदा,इस्लाम अंसारी,भोलानाथ मोहली,मुकेश मोहली,निबु मोहली सहित अन्य कॉमरेड मौजूद थे।

## गणतंत्र सप्ताह सांस्कृतिक संध्या का ऑडिशन 19 को

**गोड्डा ।** गणतंत्र सप्ताह सांस्कृतिक संध्या के आयोजन को लेकर श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के चयन हेतु एक दिवसीय ऑडिशन का आयोजन रविवार 19 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से 4 बजे अपराह्न तक भतडीहा स्थित टाउन हॉल में किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला खेल एवं कला संस्कृति पदाधिकारी सह गणतंत्र सप्ताह सांस्कृतिक समारोह समिति के संयोजक डॉ0 प्राण महतो ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 27 जनवरी से 1 फरवरी तक प्रति शाम 6 से 9 बजे तक स्थानीय गांधी मैदान में किया जाएगा। समारोह के तहत ऑडिशन में स्क्रीनिग कमिटी द्वारा गायन, नृत्य, वादन एवं लघु अभिनय विधा की श्रेष्ठ चयनित प्रस्तुतियों का प्रदर्शन होगा।

## चित्तरंजन में सीसीएस चुनाव की घोषणा, 12 फरवरी को होगी वोटिंग

**चितरंजन।** चित्तरंजन रेल नगर में को-ऑपरेटिव सोसाइटी के चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई है। इस चुनाव में कुल 6,550 वोटर्स हिस्सा लेंगे, जिनमें महिला वोटर्स की संख्या 491 है। एसटी, एससी और जनरल कैटेगरी के वोटर्स की संख्या क्रमशः 302, 751 और 5,497 है। चुनाव 12 फरवरी को होगा, और उसी दिन वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा की जाएगी। सीसीएस के चुनाव हर पांच साल में होते हैं। 2019 में हुए चुनाव में 42 डेलीगेट्स का चयन किया गया था, जिनमें से 25 डेलीगेट्स लेबर यूनियन के समर्थन से चुने गए थे। इस बार डेलीगेट्स की संख्या घटकर 31 हो गई है, और प्रत्येक 200 वोटरों के लिए एक डेलीगेट का चुनाव होगा। चुनाव में लेबर यूनियन और सीआरएमसी के बीच मुख्य मुकाबला देखने को मिलेगा। लेबर यूनियन हाल ही में चित्तरंजन रेल इंजन कारखाने में गुप्त मतदान में विजयी हुआ था। चुनाव की प्रक्रिया 15 जनवरी से शुरू हो चुकी है, और उम्मीदवारों से नामांकन 27 और 28 जनवरी को लिया जाएगा। मतदान 12 फरवरी को होगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## राशन डीलर पर मनमानी के आरोप का बीडीओ और एमओ ने की जांच



**महागामा ।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत रामकोल पंचायत के रामकोल गांव में सीता महिला स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित राशन डीलर पर ग्रामीणों ने मनमानी का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर राशन वितरण में अनियमितताएं कर रहा है। इस मामले को लेकर आज बीडीओ और एमओ ने गांव में पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान ग्रामीणों मोहम्मद अख्तर, पंचायत समिति सदस्य नईम, इश्तेखार, इमरान खान, मुस्तकीम, जियाउल, जब्बार सहित सैकड़ों लोगों ने शिकायत दर्ज कर डीलर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि डीलर की मनमानी से गरीबों को राशन कम दिया जा रहा है और उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जांच के दौरान बीडीओ ने राशन डीलर से रजिस्टर मांगा, तो समूह अध्यक्ष ने बताया कि रजिस्टर महागामा ले जाया गया है। इस पर बीडीओ ने नाराजगी जाहिर की और सूचना पट खाली पाए जाने पर भी सवाल उठाए। वहीं समूह अध्यक्ष ने स्वीकार किया कि वह आधा किलो चावल कम देता है, यह कहते हुए कि ट्रैक्टर का किराया चुकाने के लिए यह कटौती की जाती है। इस पर एमओ संजीव कुमार ने स्पष्ट किया कि ट्रैक्टर का किराया सरकार की ओर से दिया जाता है। किसी भी प्रकार की कटौती अनुचित और गैरकानूनी है। बीडीओ और एमओ ने मौके पर सभी बिंदुओं पर जांच की और पाया कि राशन वितरण में अनियमितताएं हैं। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी और दोषी पाए जाने पर डीलर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महर्षि गोशाला परिसर में पाक्षिक ध्यानाभ्यास शिविर आयोजित



**गोड्डा ।** स्थानीय महर्षि मेंहीं गोशाला में पाक्षिक ध्यानाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान गुरुवार को गोशाला के संस्थापक स्वामी गुरुनंदन जी महाराज ने कहा कि ब्रह्म सत्य और जगत मिथ्या है। सबके भीतर ईश्वर है। इसे कहते हैं ज्ञान। जगत में ईश्वर के शिवाय कुछ भी नहीं है। यह है विज्ञान। ईश्वर को ध्यान योग के द्वारा ही जाना जा सकता है। इसके लिए गुरु, ध्यान और सत्संग की जरुरत होती है। मौके पर स्वामी शंभू शरण , गोपाल बाबा, जिलाध्यक्ष भेदानंद ठाकुर, सत्संग प्रचारक ओम प्रकाश मंडल, ने भी सत्संग की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सत्संग ही जीव को ईश्वर तक पहुंचाने का मार्ग बताता है। गुरु के बताये मार्ग पर चलकर ही इस नश्वर शरीर के उद्धार की दिशा में ध्यान व सत्संग करने की जरुरत है। मंच संचालन सेवा निवृत्त शिक्षक कपिलदेव साह ने किया। पाक्षिक ध्यान शिविर 29 जनवरी तक जारी रहेगा।

## पोड़ैयाहाट मध्य विद्यालय में मनाया गया शरीरिक फिटनेस दिवस




**गोड्डा ।** पोडैयाहाट प्रखंड के मध्य विद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा शरीरिक फिटनेस दिवस मनाया गया। इस मौके पर मध्य विधालय, पोडैयाहाट के शिक्षकों के द्वारा छात्रों को शरीरिक व्यायाम करने और इससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। बताया गया कि नियमित रूप से शरीरिक व्यायाम करने से सेहत अच्छी रहती है, शरीर तंदुरुस्त रहता है, इसलिए हमें रोज व्यायाम करना चाहिए। वही क्लब के अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने शरीरिक व्यायाम ना करने से होने वाले नुकसान और बीमारी के बारे में बताया। वहीं इस अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम भी कराया गया। इस दौरान रनिंग में रिया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षक गण भी मोजूद थे।

